**मुख्य समाचार :–**

- शासन ने चमोली जिले के थराली आपदा प्रभावित क्षेत्र के भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनुमति दी।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम निर्माण के अंतिम चरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार में वर्ष 2027 के अर्द्धकुंभ मेले में आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ नियंत्रण के लिए मेला प्रशासन ने कवायद शुरू की।
- पौड़ी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ''वन विलेज–वन प्रो–बोनो'' अभियान के तहत तीन दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ।

**<u>थराली आपदा</u>**

शासन ने चमोली जिले के थराली आपदा प्रभावित क्षेत्र के भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनुमति दी है। इसके तहत आपदा प्रभावित क्षेत्र का विषय विशेषज्ञों की संयुक्त टीम की ओर से सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। विशेषज्ञों की टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा और उपचार के कार्य किए जाएंगे। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि थराली क्षेत्र में भूस्खलन से राड़ीबगड़, तहसील परिसर, कोटडीप, थराली बाजार और चेपडों प्रभावित है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन से आपदा क्षेत्र का तकनीकी सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया गया था। जिस पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण के लिए भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण, वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, केंद्रीय जल आयोग और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम से सर्वेक्षण करवाए जाने की अनुमति दी गई है। ये टीम, थराली और चेपड़ों के बीच भूस्खलन और भू–धसाव प्रभावित क्षेत्र का सर्वेक्षण करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि संयुक्त टीम की ओर से किए अध्ययन की रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्र में सुरक्षा और उपचार के कार्य करवाए जाएंगे।

**<u>गणेश जोशी</u>**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सैन्यधाम निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को सैन्यधाम निर्माण के अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। श्री जोशी ने हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज के उपनल कर्मियों के वेतन संबंधी समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य सचिव से दूरभाष पर बात कर इस मामले का शीघ्र समाधान करने को कहा। सैनिक कल्याण मंत्री ने आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने के लिए होने वाले कार्यक्रम ''शहीद सम्मान यात्रा'' की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**<u>ऑपरेशन कालनेमि</u>**

प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमि के तहत साधु–संतों का वेश धारण कर सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने वाले बहरूपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हरिद्वार जिले में 126 बहरूपियों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कलियर दरगाह साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर पुलिस और अधिसूचना इकाई की टीम को कल बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। टीम ने दो बांग्लादेशी नागरिक समेत 11 अन्य राज्यों से बाबाओं का भेष धारण कर कलियर में घूम रहे

ढोंगियों को भी गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि में अलग–अलग थाना क्षेत्रों से दो बांग्लादेशी बहुरूपियों सहित 126 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया।

**पंचशूल ब्रिगेड पिथौरागढ़**

पंचशूल ब्रिगेड पिथौरागढ़ के अधीन 12वीं बटालियन जम्मू व कश्मीर राइफल्स के 15 जवानों का दल सितंबर में गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आने वाले माउंट मुकुट पर तिरंगा फहराएगा। पर्वतारोहण अभियान के लिए इस दल को उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तर भारत क्षेत्र मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने दल के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ अभियान के लिए शुभकामनाएं दी। इस दल ने पहले कुमाऊं क्षेत्र में किट–अप, फिटनेस प्रशिक्षण और एक विशेष प्रशिक्षण लिया था। अब वे माउंट मुकुट पर चढ़ाई शुरू करने के लिए माणा की ओर बढ़ेंगे। यह अभियान, भारतीय सेना के जवानों के कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है।

**भंडार सीमा लागू**

केंद्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं पर भंडार सीमा लागू कर दी है। यह सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं पर लागू होगी। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा तीन हज़ार मीट्रिक टन से घटाकर दो हज़ार मीट्रिक टन कर दी गई है। इसी प्रकार, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा आठ मीट्रिक टन की गई है।

**अर्द्धकुंभ तैयारी**

हरिद्वार में वर्ष 2027 के अर्द्धकुंभ मेले में आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और भीड़ नियंत्रण के लिए मेला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। पहले चरण में हर की पैड़ी के पास बने जाह्नवी मार्केट और कांगड़ा घाट का विस्तारीकरण किया जाना है। इस संबंध में हाल ही में मेला अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जाह्नवी मार्केट और कांगड़ा घाट के विस्तारीकरण के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। बैठक के बाद अधिकारियों की टीम ने सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। सरकार से अनुमति मिलने के बाद विस्तारीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुविधा देने और भीड़ नियंत्रण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए क्षेत्र का विस्तार किया जाना है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके और भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सके।

**प्रो–बोनो अभियान**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी की ओर से वन विलेज वन प्रो–बोनो अभियान के तहत तीन दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस अवसर पर सिविल जज सीनियर डिवीजन और प्राधिकरण की सचिव नाजिश कलीम ने सभी प्रो–बोनो अधिकार मित्रों और प्राविधिक स्वयंसेवकों को विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा उपलब्ध करवायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं और सहायता की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें विधिक सेवा अधिनियम और निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने वाले पात्र व्यक्तियों की श्रेणियों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा प्रशिक्षण में अधिकार मित्रों को उनके कर्तव्यों व जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए नालसा हेल्पलाइन नंबर 1–5–1–0–0, जिले में संचालित स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली और उसके माध्यम से निस्तारित किये जाने वाले प्रकरणों की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गयी।

## नगर निगम बोर्ड बैठक

देहरादून नगर निगम के मेयर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षत में निगम की बोर्ड बैठक आयोजित हुई। बैठक में पार्षदों ने शहर में कूड़े की समस्या, पथ प्रकाश व्यवस्था, जाम और आवारा कुत्तों सहित कई मुद्दे उठाए। मेयर सौरभ थपलियाल ने बताया कि बैठक में सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आश्वासन दिया और कई समस्याओं पर चर्चा कर प्रावधान रखा गया। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। श्री थपलियाल ने बताया कि जिन रेहड़ी पटरी वालों के कारण शहर में जाम की समस्या हो रही है, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## क्रॉस कंट्री दौड़

पौड़ी में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में बिड़ला परिसर में नशा मुक्ति अभियान के तहत क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। नगर निगम की मेयर आरती भंडारी ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में युवाओं और छात्र–छात्राओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान "नशा छोड़ो, जीवन संवारो" का संदेश भी दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया ने कहा कि खेल और दौड़ जैसी गतिविधियां, युवाओं को नशे से दूर रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

## आग्रह

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने लोगों से आग्रह किया है कि वे वस्तु और सेवा कर की दरों के बारे में कोई भी अनुमान लगाने से परहेज करें। एक सोशल मीडिया पोस्ट में बोर्ड ने कहा कि इन दरों के बारे में फैसले जीएसटी परिषद की ओर से लिए जाते हैं, जिसमें केंद्र और राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। बोर्ड ने सलाह दी है कि लोग जीएसटी परिषद की तीन और चार सितम्बर की बैठक के बाद होने वाली आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा करें।